2023/275

राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111 – 128<br>प्रार्थना पत्र | 195/23 | 19/12/23 | [illegible]<br>2/5/24 | 16/1/24 |

अनवान

श्री मांगी लाल S/o कजोड़ धाकड़ — श्री शंकर S/o भूरा धाकड़

निवासी छोटा चड़ौदा तह. बिजौलिया — निवासी चड़ौदा तह. बिजौलिया

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी / अपीलान्ट — अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोंडेंट

डिक्रीदार — मदयून

श्री घनश्याम लाल धाकड़ — श्री

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

मांगीलाल बनाम शंकर

किस्म मुकदमा 111-128 नम्बर 195/2023

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 29/12/2023 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 16/1/2024 को पेश हों।<br>(हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 16/1/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान् P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 13/2/24 को वास्ते त./ज. पेश हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी | |
| 13/2/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण को समस्त बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे शामिल पत्रावली किया। विपक्षी (1) की ओर से अधिवक्ता रामलाल धाकड़ ने VT ली। पत्रावली वास्ते अधिभार पत्र आगामी दिनांक 27/2/24 को पेश हो।<br>(हस्ताक्षर) | V/T. विपक्षी 1 की ओर से एडवोकेट राजूलाल धाकड़ R/28/6/2018<br>(हस्ताक्षर) 13/2/24 |
| 27/2/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान् P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 19/3/24 को वास्ते अधि. पत्र पेश हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>उप खण्ड अधिकारी | |
| 19/3/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान् P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 23/4/24 को वास्ते अधि. पत्र. पेश हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>उप खण्ड अधिकारी | |

28/3/2

23/04/24 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षी अधिवक्ता ने पूर्व में दिनांक 13/2/24 को under taking ली थी परन्तु अधिकार पेश नहीं किया गया तो विपक्षी पेश हुए। विपक्षीगण के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही के आदेश पारित किए गए। पत्रावली वास्ते आदेश/नि०/प आगामी दिनांक 02/05/24 को पेश हो।

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा

02/05/24 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण के विरुद्ध पूर्व में एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए थे। पत्रावली में निर्णय/आदेश पारित किए गए। तहसीलदार बिजौलिया को पालना के लिए लिखा जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा

न्यायालय **उपखण्ड** अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 195/2023 तारीख दायर 19/12/23

मांगीलाल पुत्र कजोड़ जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी दांता उर्फ छोटा थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज.)

.......................प्रार्थी

**बनाम**

1. शंकर पुत्र भूरा जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ोदा तहसील बिजौलियां जिला जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. गोपाल पुत्र हीरा जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ोदा तहसील बिजौलियां जिला जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. शम्भूलाल पुत्र हीरा जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ोदा तहसील बिजौलियां जिला जिला भीलवाड़ा (राज.)

...............विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

## –: आदेश :–

दिनांक 2/5/2024

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री घनश्याम लाल धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा ग्राम दांता उर्फ छोटा थड़ोदा पटवार हल्का थडौदा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 118 पर अंकित आराजी संख्या 234 रकबा 0.1376 हैक्टेयर, खसरा संख्या 234/1 रकबा 0.0324 हैक्टेयर किस्म गेमु. आचा कुल किता 2 रकबा 0.1700 हैक्टेयर भूमि** है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक बिजौलियांखुर्द को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर उपरोक्त वर्णित **मौजा ग्राम दांता उर्फ छोटा थड़ोदा पटवार हल्का थडौदा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 118 पर अंकित आराजी संख्या 234 रकबा 0.1376 हैक्टेयर, खसरा संख्या 234/1 रकबा 0.0324 हैक्टेयर किस्म गेमु. आचा कुल किता 2 रकबा 0.1700 हैक्टेयर भूमि** की बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 195/2023 तारीख दायर 19/12/2023

प्रेषिति :– 21/3/2024

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या ........195........../ 2023 पत्थरगढ़ी बाबत्।

मांगीलाल पुत्र कजोड़ जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी दांता उर्फ छोटा थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज.)

........................प्रार्थी

बनाम

1. शंकर पुत्र भूरा जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ोदा तहसील बिजौलियां जिला जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. गोपाल पुत्र हीरा जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ोदा तहसील बिजौलियां जिला जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. शम्भूलाल पुत्र हीरा जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ोदा तहसील बिजौलियां जिला जिला भीलवाड़ा (राज.)

................विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है जाकर **मौजा ग्राम दांता उर्फ छोटा थड़ोदा पटवार हल्का थडौदा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 118 पर अंकित आराजी संख्या 234 रकबा 0.1376 हैक्टेयर, खसरा संख्या 234/1 रकबा 0.0324 हैक्टेयर किस्म गेमु. आचा कुल किता 2 रकबा 0.1700 हैक्टेयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक बिजौलियांखुर्द को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है एंव कमिशनर फीस 500/– रूप्ये वक्त पत्थरगढ़ी प्रार्थी अदा करेगा । पत्थरगढ़ी करने से पुर्व पड़ोसी एंव विपक्षीगणो को सुचित करे।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

(मोहर: कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ)

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियां जिला-भीलवाडा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ